तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 बरसात आने से पहले शहर की सड़कों का होगा नवीनीकरण



12 जिले के अनेक ग्रामों में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात



## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय कार्यशाला 1 व 2 जून को

**धमतरी।** निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ द्वारा 1 एवं 2 जून को मिलेनियम स्कूल में दो दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला उत्तरदायित्व 2026 का आयोजन प्रातः 9 बजे किया गया है। कार्यशाला में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : आज होगा मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत आगामी 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया और जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जाएगी।

- उप निर्वाचन क्षेत्रों में श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी। तैयारी में ध्रुवलाल निषाद, वेदराम निषाद, देवनारायण निषाद जुटे हैं।



# महतारी वंदन योजना : धमतरी जिले में 89 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महतारी वंदन योजना के तहत जिले में ई-केवाईसी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सतत प्रयास से अब तक 2 लाख 1हजार 880 महिला हितग्राहियों का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो कुल लक्ष्य का 89 प्रतिशत है। विभाग ने जून माह से पहले शेष हितग्राहियों का सत्यापन पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में 2 लाख 27 हजार 183 पात्र महिलाओं की सूची जारी की गई है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 40 चिन्हित च्वाइस सेंटरों की सहायता से ई-केवाईसी कार्य कराया जा रहा है। धमतरी ग्रामीण और धमतरी शहरी क्षेत्र में अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिला है तथा बड़ी संख्या में महिलाएं अपना सत्यापन करा चुकी हैं।

विभाग द्वारा विशेष रूप से उन महिलाओं पर ध्यान दिया जा रहा है जो वृद्धावस्था, बीमारी अथवा अन्य कारणों से केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। ऐसी हितग्राहियों का ई-केवाईसी घर पहुंचकर कराने की तैयारी की जा रही है, जिससे कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित परियोजनाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## शेष हितग्राहियों के लिए विशेष अभियान जारी



फाइल फोटो

### शेष हितग्राहियों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं : जगरानी एक्का

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का ने बताया कि ई-केवाईसी अभियान की नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी परियोजना अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और संबंधित कर्मचारियों को शेष हितग्राहियों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि वे समय रहते अपना ई-केवाईसी अवश्य करा लें, ताकि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि का लाभ निरंतर मिलता रहे। विभाग को विश्वास है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

दो दिन, दो रात खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# खरेंगा में निकले कंकाल ने किया माइनिंग अफसरों को एक्टिव

## 17 ट्रैक्टर और चार हाइवा जब्त, रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरेंगा में अवैध रेत उत्खनन से निकलने वाले कंकाल का भूत मानो माइनिंग अधिकारियों पर समा गया है। इस घटना के बाद माइनिंग पर उठे सवालों के बाद खनिज विभाग की टीम इस कदर एक्शन में आ गई है कि दिन रात ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरु कर दी है। महज दो दिन और दो रात में 17 ट्रैक्टरों और 4 हाइवा पर जब्ती की कार्रवाई की है। माइनिंग के एक्शन से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

गत दिनों ग्राम खरेंगा स्थित महानदी के श्मशान में अवैध रेत उत्खनन से वहां दफन 10 कंकाल बाहर आ गए थे जिससे गांव में भारी आक्रोश पनप गया। इस संवेदनशील मामले से माइनिंग विभाग की जमकर छिछालेदर हुई। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने के बाद ▶▶ शेष पेज 10 पर



### ईंट बनाने की छूट, परिवहन पर कार्रवाई

दानीटोला, कोलियारी, भोयना, मथुरा आदि गांवों से सौ से अधिक चक्रधारी परिवार मिट्टी की लाल ईंट का निर्माण कर आजीविका चलाते हैं। कोलियारी में अपने परिवार के साथ ईंट निर्माण करने वाले धनीराम चक्रधारी बताते हैं कि शासन उनके पारम्परिक रोजगार को देखते हुए 10 लाख ईंट बनाने की छूट देता है, लेकिन इसके परिवहन पर कोई राहत नहीं है। लगातार हो रही माइनिंग की कार्रवाई से ईंट बेचना मुश्किल हो गया है। ईंट परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों की लगातार धरपकड़ से चक्रधारी परिवार सकते में हैं। अधिकांश चक्रधारी परिवार निम्न तबके से हैं जिन्हें परिवार के जीविकोपार्जन की समस्या आने लगी है।

### शहर में रेत सप्लाई बाधित

सुभाष नगर, शीतलापारा निवासी मनोज ध्रुव, संतोष पटेल, जसपाल पटेल ने बताया कि आवास निर्माण का कार्य जारी है। पिछले दो दिन से रेत की आपूर्ति नहीं होने से काम रूक गया है। हालत यह हो गई है कि हजार, ग्यारह सौ रुपए में मिलने वाली ट्रैक्टर ट्राली रेत की कीमत 1400 से 1500 रुपये हो गई है। आवास निर्माताओं का कहना है कि अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर जमकर कारवाई करें लेकिन वैध परिवहन का भी आप्शन होना चाहिए। वैध रेत परिवहन के लिए शहर के आसपास ऐसी कोई भी खदान नहीं है जहां से रायल्टी के साथ बिना किसी रोक-टोक के रेत का परिवहन कर सके। वैध परिवहन से शासन को लाखों रुपये का राजस्व मिलता और सैकड़ों ट्रैक्टर और हजारों मजदूर बिना किसी टेंशन के काम कर पाते।

# 10 क्विंटल फूलों से सजे श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु





- 12 घंटे की मेहनत से तैयार हुआ आकर्षक पुष्प बंगला
- सेवंती, कमल और रातरानी की सुगंध से महका मंदिर परिसर
- महारास-रास गरबा में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में रविवार को दो दिव्य एवं भव्य मनोरथ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी का 10 क्विंटल से अधिक सुगंधित और आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान की मनोहारी छटा का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

आयोजन के तहत पहला मनोरथ फूलों का सघन वन रहा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणि देवी-गोपालदास अग्रवाल परिवार थे। इस अवसर पर भगवान के लिए भव्य पुष्प बंगला तैयार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। कोलकाता से आमंत्रित कारीगरों ने लगभग 12 घंटे की मेहनत से मंदिर परिसर और पुष्प बंगले को भव्य स्वरूप दिया। सजावट में सेवंती, लाल सेवंती, कमल, रातरानी सहित विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों का उपयोग किया गया। फूलों की सुगंध और आकर्षक सज्जा ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

दूसरा मनोरथ महारास (रास गरबा) था जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी रहे। इस दौरान भक्ति संगीत और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना की तथा महारास की भावपूर्ण प्रस्तुति का ▶▶ शेष पेज 10 पर

# भखारा शराब दुकान में चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

- दुर्ग जिले के ग्राम जरवाय में दोस्त के घर छिपा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए तीन हजार रुपये लेकर भखारा आया था। रात करीब आठ बजे वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उससे रुपये की मांग की। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने उसके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया। वहीं लोकेश पटेल और एक विधि से संघर्षरत बालक ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान समीर निर्मलकर ने मारपीट कर प्रार्थी के पास रखे तीन हजार रुपये और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में अपराध क्रमांक 56/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अंशुमन साहू, लोकेश पटेल और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

घटना के बाद से फरार चल रहा मुख्य आरोपी समीर निर्मलकर निवासी वार्ड क्रमांक 4 भखारा पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस को सूचना मिली कि वह दुर्ग जिले के ग्राम जरवाय में अपने एक दोस्त के घर छिपा हुआ है। इसके बाद थाना प्रभारी शरद ताम्रकार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रामसागर तालाब में डूबने से राजमिस्त्री की मौत

- 18 घंटे बाद मिला शव, दशगात्र कार्यक्रम के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद नगर स्थित ऐतिहासिक रामसागर तालाब में शनिवार की दोपहर जलांजलि कार्यक्रम के दौरान डूबे युवक का शव रविवार की सुबह बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान ग्राम उमरदा निवासी संतोष कंवर (40 वर्ष) के रूप में हुई है। गोताखोरों की टीम ने करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार सुबह 7:15 बजे शव को पानी से बाहर निकाला। इस हादसे के बाद से मृतक के परिवार और पूरे उमरदा गांव में मातम पसरा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेशे से राजमिस्त्री संतोष कंवर शनिवार को कुरुद में आयोजित अपने एक पारिवारिक दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। दोपहर को जब वे अन्य लोगों के साथ रामसागर तालाब में जलांजलि देने उतरे, तभी अचानक गहरे पानी में चले गए। वहां मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, संतोष आंखों से ओझल हो चुके थे।





### शनिवार से रविवार की सुबह तक चला सर्च ऑपरेशन

घटना के तुरंत बाद स्थानीय युवाओं और कुरुद पुलिस ने खोजबीन शुरू की। बाद में धमतरी से गोताखोरों की विशेष टीम बुलाई गई। शनिवार देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन अंधेरा और पानी में दृश्यता कम होने के कारण ऑपरेशन को रोकना पड़ा था। रविवार की सुबह सूर्योदय के साथ ही दोबारा रेस्क्यू शुरू किया गया और सुबह सवा सात बजे गोताखोरों को संतोष का शव ढूंढने में सफलता मिली।

### सामाजिक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

थाना प्रभारी अवधराम साहू के नेतृत्व में पुलिस बल कानून-व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए मौके पर डटा रहा। वहीं वंदेमातरम सेवा समिति एवं बोलबम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर व उनके कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी पहुंचाने में पुलिस व परिजनों की मदद की।

### परिवार का इकलौता सहारा था संतोष

ग्रामीणों ने बताया कि संतोष कंवर अपने परिवार के मुख्य भरण-पोषण करने वाले सदस्य थे। उनकी असमय मौत से परिवार के सामने गहरा संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। इस दर्दनाक हादसे से कुरुद और उमरदा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मिला सुरक्षित प्लेटफार्म

# पुलिस की पाठशाला से बनेगा युवाओं का करियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रतियोगी परीक्षा क्रेक करने के लिए युवाओं को एक अच्छा प्लेटफार्म देते हुए पुलिस पाठशाला का शुभारंभ किया गया। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि इस प्रकार की पहल हर जिले में होनी चाहिए। इसके लिए वे कोशिश करेंगे।

एसपी सूरजसिंह परिहार की पहल पर रुद्री थाना के पास पुलिस पाठशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि पहले उन्हें यह समझ में नहीं आया कि पुलिस की पाठशाला क्या है। कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ इस बात का ▶▶ शेष पेज 10 पर





### शिक्षा में है शक्ति : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जब वे दंतेवाड़ा में थे, तब छिंदनार गांव के एक युवा ने नीट क्लीयर किया था। छिंदनार नक्सल प्रभावित गांव था, जहां पुल तक नहीं था। एक अभावग्रस्त गांव के युवा की यह उपलब्धि बताती है कि शिक्षा में कितनी शक्ति है। आज जो यह पाठशाला शुरू हुई है, इसका रिजल्ट आज से छह माह, सालभर बाद दिखेगा। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने कहा कि किताबों से अच्छा कोई दोस्त नहीं होता है। यह बहुत कुछ देती है, लेकिन कुछ लेती नहीं। यह पाठशाला शिक्षा का ही नहीं व्यक्तित्व विकास का केंद्र बनकर उभरेगी।

### गरीब छात्रों के लिए अच्छा प्लेटफार्म

एएसपी शैलेंद्र पांडे कहा कि दो-तीन साल तो छात्रों को यह समझने में लग जाता है कि वे क्या पढ़े। किन किताबों का चयन करें। ऐसे छात्रों के लिए यह पाठशाला एक बेहतर प्लेटफार्म है। यहां किताबों का चयन एसपी सर और अन्य अधिकारियों ने किया है। एसएससी, बैंक, रेलवे, पीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां पर सिलेक्टेड बुक्स उपलब्ध हैं।

### पुस्तक दान करने वाले हुए सम्मानित

पुलिस के इस नेक कार्य में आम नागरिकों, समाजसेवी, शिक्षक सहित अन्य लोगों ने खुलकर सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में पुस्तक दान करने वालों का सम्मान किया गया, जिसमें कलेक्टर, डीएफओ, एएसपी के साथ जिला शिक्षाधिकारी अभय जायसवाल, बैंक ऑफ बड़ौदा के रिजनल मैनेजर श्री प्रतीक, मोनिश मित्तल, श्याम अग्रवाल, आरके साहू आदि शामिल थे।

### जहां गए, वहां किया सपोर्ट

यह लाइब्रेरी पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार की सोच है, जिसे पुलिस विभाग के अधिकारियों व अन्य लोगों का भरपूर सहयोग मिला। एसपी श्री परिहार जिस जिले में गए, वहां इस प्रकार की लाइब्रेरी, बुक बैंक शुरू किए। इससे पहले वे मारवाही, पेंड्रा, धनोरा में पुलिस पाठशाला खोल चुके हैं। पेंड्रा की लाइब्रेरी इतनी सफल है कि वहां पर 1200 छात्र पंजीकृत हैं। 75 युवा वहां से पढ़कर जॉब पा चुके हैं।

### खत्म होगा पुलिस का डर

एसपी श्री परिहार की इस पहल से पुलिस और लोगों के बीच डर खत्म होगा। यह लाइब्रेरी थाने के पास है, जहां पर युवा आकर पढ़ाई करेंगे। पुलिस, युवाओं, आम नागरिकों के बीच संवाद बढ़ेगा। पुलिस के प्रति लोगों की सोच बदलेगी। यही नहीं पुलिस के साए में लाइब्रेरी होने से युवाओं को पढ़ने के लिए सुरक्षित प्लेटफार्म मिलेगा। खासकर युवतियों को।

# चालीस वर्षों के विश्वास पर लगा घात

- 70 लाख के जेवरात के साथ युवक फरार
- पुलिस ने एफआईआर की दर्ज, पिता ने लिखाई गुमशुदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सराफा बाजार में उस समय हड़कंप मंच गया जब एक विश्वासपात्र युवक लाखों रूपए के जेवरात के साथ फरार हो गया। मामला संचेती ज्वेलर्स का है जहां 40 साल से कारीगर का काम कर रहे कारीगर के बेटे ने अमानत पर खयानत का काम किया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

सदर बाजार स्थित संचेती ज्वेलर्स के संचालक जसराज जैन ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सदर बाजार में उसकी सोने-चांदी की दुकान है। यह दुकान रमेशकुमार, दिलीपकुमार के नाम से है जहां चिंतामणि सोनी पिछले 40 साल से कारीगर का काम कर रहा है। चिंतामणि के पुत्र हेमंत सोनी को विश्वासपात्र मानकर जेवरात को बिक्री करने के लिए देते थे। वह फरवरी माह में सोने का हार, चेन आदि 212.770 ग्राम कीमत 34 लाख रुपए का जेवर बिक्री करने के लिए ले गया था ▶▶ शेष पेज 10 पर

### आरोपी पीडब्ल्यूडी में कम्प्यूटर आपरेटर था

इस मामले में सीएसपी शैलेंद्र पांडे ने बताया कि युवक सराफा दुकान से 70 लाख का जेवरात लेकर फरार है। वह पीडब्ल्यूडी विभाग में डेलीविजेस पर कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता था। उसके खिलाफ पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। युवक के बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के लोगों का कहना है कि युवक पिछले दो माह से काम पर नहीं आ रहा है। इस खबर से विभाग के लोग भी सकते में हैं।

**खबर संक्षेप**

## युवक पर सब्बल से हमला दी जान से मारने की धमकी, आरोपी हुआ फरार

**कांकेर।** कोदाभाट गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक घर में घुसकर लोहे के सब्बल से हमला कर फरार हो गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोदाभाट निवासी 47 वर्षीय अरूण प्रधान थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के पीछे स्थित बाड़ी में था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खरेंगा में निकले ...

खनिज इंस्पेक्टर को शोकाज नोटिस थमाया गया। इसके बाद खनिज विभाग एकदम से एक्शन में आ गया है। शुक्र-शनिवार रात से लेकर रविवार तक माइनिंग टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 17 ट्रैक्टरों तथा 4 हाइवा वाहनों पर अवैध परिवहन के तहत जब्ती की कार्रवाई की है। अधिकांश वाहनों को कलेक्टोरेट के पास अभिरक्षा में रखा गया है जबकि कुछ ग्राम खरेंगा पंचायत की अभिरक्षा में है। रविवार की सुबह माइनिंग की कार्रवाई के चलते ट्रैक्टरों तथा हाइवा के पहिए घंटों थमे रहे। कार्रवाई से बचने कई ट्रैक्टर गली कूचों में छिपकर खड़े रहे।

### 10 क्विंटल फूलों से ...

आनंद लिया। मंदिर परिसर में देर शाम तक भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तरुण अंबानी एवं सचिव कीर्ति शाह ने बताया कि दोनों मनोरथ को श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया था। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले भक्तों, समाजजनों और सेवाभावियों का आभार व्यक्त किया। भव्य पुष्प सज्जा, महारास और भगवान के दिव्य दर्शन ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई तथा आयोजन को यादगार बना दिया।

### पुलिस की पाठशाला ...

प्रमाण है कि यह लाइब्रेरी शुभ संकल्प के साथ शुरू की गई है। छात्रों को पढ़ाई के साथ करियर गाइडेंस भी जरूरी है। छात्रों को क्या जरूरत है, इसकी मैपिंग कर इस दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने लाइब्रेरी में एक और रैक लगाने की सलाह दी। पुस्तकें पढ़कर छात्र संस्कार और शुभ विचार आत्मसात कर सकें। उनमें दृढ़ नागरिकता का भाव आएं। एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा कि एक पुस्तक की कीमत छात्रों से पूछे, जो इसे खरीदने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि जब वे दंतेवाड़ा में थे, तो सोचते थे कि कुछ युवा क्यों हिंसा और गलत विकल्प चुन रहे हैं। उन्होंने दूसरा विकल्प क्यों नहीं चुना। इसी सोच ने उन्हें पुलिस की पाठशाला खोलने की प्रेरणा दी।

### चालीस वर्षों के विश्वास ...

जिसमें से 15 लाख रुपये जमा किया और 19 लाख बकाया रखा। 2 मार्च को 13 नग सोने का हार 318.950 ग्राम कीमत 51 लाख 1 हजार 603 रुपये को सराफा ग्राहक को दिखाने और बिक्री करने विश्वास में दिया गया। सोने की कुल रकम 70,01,603 रुपये या जेवर अब तक वापस नहीं किया है। उसका फोन बंद बता रहा है और न ही उसने किसी प्रकार की सूचना दी है। हेमंत सोनी के पिता से पूछताछ करने पर गुमइंसान दर्ज होना बताया। जसराज जैन ने हेमंत सोनी के खिलाफ उसकी संपत्ति को बेईमानी से दुर्विनियोग कर उसे अपने उपयोग में समपरिवर्तित कर फरार होने की शिकायत कोतवाली में की है। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली में हेमंत सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316/1 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

# जिले में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण, कालाबाजारी रोकने निगरानी दल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक एवं सुव्यवस्थित तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरक एवं बीज के भंडारण, वितरण और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, ताकि किसानों को खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वर्तमान में जिले की 96 सहकारी समितियों में 7,313 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है, जबकि सहकारी एवं निजी क्षेत्र में कुल 28,241 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यूरिया, डीएपी सहित अन्य आवश्यक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक जिले में मौजूद है तथा किसानों की मांग के अनुरूप निरंतर आपूर्ति की जा रही है।



### किसानों को समय पर उपलब्ध होगा उर्वरक : कलेक्टर

#### अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई



कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खाद-बीज वितरण व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उर्वरकों एवं बीज की कालाबाजारी, जमाखोरी तथा नकली उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर विशेष जांच दल (उड़नदस्ता) गठित किए गए हैं, जो सतत निरीक्षण कर रहे हैं। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

#### किसानों के हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और किसानों की सुविधा एवं हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने, पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

### इनट्यूशन प्रशिक्षण में बच्चों का अनोखा प्रदर्शन, पालक और दर्शक हुए आश्चर्यचकित

# आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़े लिखे बच्चे, चित्रों में रंग भी भरे





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

दि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा डिज़ाइन किए गए इनट्यूशन (प्रज्ञा योग) कार्यक्रम का आयोजन 29 से 31 मई तक भखारा में किया गया। प्रतिदिन दो घंटे संचालित इस विशेष प्रशिक्षण में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ना-लिखना, चित्रों में रंग भरना, छिपी हुई वस्तुओं को ढूंढ निकालना जैसी अनेक गतिविधियों का प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू एवं गीतालक्ष्मी साहू ने बताया कि इनट्यूशन अर्थात प्रज्ञा योग छठवीं इंद्रिय के जागरण का विज्ञान है। ज्ञान हमें इंद्रियों, बुद्धि और प्रज्ञा से प्राप्त होता है। प्रज्ञा चेतना के स्तर से आने वाला ज्ञान है, जिसके माध्यम से सही समय पर सही विचार प्राप्त होते हैं। इस तकनीक के नियमित अभ्यास से बच्चों की स्मरण शक्ति, निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास तथा अध्ययन में रुचि बढ़ती है। अनावश्यक भय दूर होता है और बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा किए गए प्रदर्शन ने पालकों को अत्यंत प्रभावित किया।

इस आयोजन में हरख जैन, डॉ. संतोष साहू, हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सेंटर की बीके करुणा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पालकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी हैं तथा अच्छे नागरिक निर्माण में परिवार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है।

#### छिपी प्रतिभाओं को पहचानने का अनूठा प्रयास

हरख जैन ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें सही मंच देने का यह एक अनूठा प्रयास है। बीके करुणा ने कहा कि हर बच्चा अपने भीतर दिव्य शक्तियों और विशेष गुणों का भंडार लेकर आता है। आध्यात्मिकता, ध्यान और सकारात्मक संस्कारों के माध्यम से इन गुणों का विकास किया जा सकता है। बच्चों के उज्ज्वल एवं संस्कारवान भविष्य के लिए ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

## शिक्षक हवलदार थलेंद्र कुमार का आज सम्मान

- 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद घर लौट रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र थलेंद्र कुमार साहू भारतीय थलसेना के सेना शिक्षा कोर में शिक्षक हवलदार के पद पर 15 वर्ष 8 माह की सेवा पूर्ण करने के बाद 1 जून को सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम लौट रहे हैं। उनके आगमन पर परिजनों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।

1 जून को प्रातः 7 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों एवं परिजनों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात कार्डिनल वॉरियर स्कूल, निमोरा (रायपुर) में सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा।

शाम 5 बजे कचना बस स्टैंड से उनके निज निवास नवागांव तक बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, युवा एवं क्षेत्रवासी शामिल होकर सैनिक सम्मान का संदेश देंगे। उल्लेखनीय है कि थलेंद्र कुमार साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता शत्रुहन लाल साहू के पुत्र हैं तथा पूर्व सैनिक योगेश साहू (शिक्षक) के छोटे भाई हैं।

## रोटरी क्लब ने पुलिस की पाठशाला पुस्तकालय को भेंट की पुस्तकें



**धमतरी।** रोटरी क्लब धमतरी ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए पुलिस की पाठशाला निःशुल्क पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें दानस्वरूप भेंट कीं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं पाठकों में अध्ययन की रुचि बढ़ाना तथा उन्हें ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराना है।

# मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों का हुआ सम्मान

- जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी ने 60 मजदूरों को बांटे प्लास्टिक धमेला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया-आय के जरिया अभियान के तहत जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से तालाब निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इर्रा में नए तालाब निर्माण के लिए मनरेगा के तहत 17 लाख 56 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। तालाब निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर जुटे हुए हैं। पंचायत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने निर्माण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 60 मजदूरों को प्लास्टिक का धमेला भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित श्रमिकों में राजेश बर्मन, गोपाल, उषा, रामकुमार, शारदा, संतोषी, रामेश्वर, छबिलाल, अरुण, कल्याणी, हिमाचल, हेमकुमार, गुरुदयाल और धनेश्वरी सहित अन्य मजदूर शामिल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि शासन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन तालाब को भविष्य में महिला स्व-सहायता समूहों को मछली पालन, मखाना तथा ढेंस की खेती के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

इस अवसर पर सरपंच यामिनी साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्याएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने तालाब निर्माण को गांव के विकास और रोजगार सृजन की

## एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे

**अंवरी।** देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया था। इसी महत्वपूर्ण विषय को आत्मसात करते हुए हेमंत ध्रुव ने अपनी माता जी के निधन उपरांत आयोजित जलांजलि कार्यक्रम के दिन अपनी मां की स्मृति में शांति घाट अंवरी में बरगद का पौधा रोपित किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यह पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ भी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

## हसदा में सुनी गई मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत हसदा में उपसरपंच भूषण यादव के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 134 वां एपिसोड का प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर होरीलाल साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा मेघा मंडल, रोमेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, अखिलेश साहू पंच, भाजपा कार्यकर्तागण सुशील साहू, यशवंत साहू, जीवन साहू, सुमित्रा यादव, आरती यादव, उपासना यादव, योग यादव उपस्थित थे।

# पीएम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी रविवार को ग्राम पंचायत रांवा के पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनी गई।

इस अवसर पर भाजपा मंडल रांवा के अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री दमयंती साहू, जनपद पंचायत धमतरी की सभापति देहुति साहू, सरपंच ज्ञानिक राम, बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से वैश्विक स्थिति, देश के विकास, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए और देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अमन राव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने वाला मंच बन चुका है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव, जनभागीदारी और राष्ट्रहित के कार्यों को नई ऊर्जा मिलती है।

मौके पर भानू विश्वकर्मा, मंगतू पटेल, हुलाश पटेल, बीरेन्द्र बांदे, राधा साहू, प्रतिमा साहू, त्रिवेणी साहू, सत्या साहू, झरना साहू, टामिन साहू, भारती साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# तपती गर्मी में राहगीरों को पिलाया शीतल मठा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्थक ग्रीन धमतरी के तत्वावधान में ओमप्रकाश शर्मा एवं श्रीमती भारती शर्मा द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल एवं स्वास्थ्यवर्धक मठा सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा का लाभ राहगीरों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों, मोटरसाइकिल सवारों, साइकिल चालकों, कार एवं अन्य वाहन चालकों, श्रमिकों तथा आम नागरिकों ने प्राप्त किया।

गर्मी से राहत मिलने पर अधिकांश राहगीरों ने आत्मीय भाव से थैंक यू कहकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा इस सेवा कार्य की सराहना की।

इस सेवा कार्य में गोपाल शर्मा, दिलीप लोढ़ा, महेंद्र सोनी, सुशील शर्मा, अनीता सोनी, अंजू लोढ़ा, वर्षा खंडेलवाल, परिधि खंडेलवाल, स्नेहा राठौड़, ज्योति शांडिल्य, सुभाष मलिक एवं सरिता दोशी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### शिक्षकों की समस्याओं को लेकर की चर्चा

# सर्व शैक्षिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल बीईओ से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



सर्व शैक्षिक संगठन कुरूद के प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार बैस से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सेवा पुस्तिका संधारण, टीईटी योग्यता इंद्राज, परीक्षा अनुमति, मेडिकल रियंबर्समेंट सहित कई महत्वपूर्ण विषयों के शीघ्र निराकरण की मांग रखी।

बैठक में सेवा पुस्तिका संधारण और सत्यापन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बीईओ ने संबंधित शाखा को आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित सेवा पुस्तिकाओं का कार्य पूरा कर उन्हें सत्यापन के लिए कोष एवं लेखा तथा स्थानीय संपरीक्षक कार्यालय रायपुर भेजने की बात कही। साथ ही जिन सेवा पुस्तिकाओं में सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर शेष हैं, उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने टीईटी योग्यता इंद्राज का विषय भी रखा। बीईओ ने संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देशों का हवाला देते हुए टीईटी योग्यता जोड़ने संबंधी आदेश जल्द जारी करने की बात कही। जिन शिक्षकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें आवश्यक दस्तावेजों सहित बीईओ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने कहा गया।

बैठक में कई लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी देते हुए बीईओ ने शेष मामलों में भी शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक देवेन्द्र दादर, संयोजक अशोक निर्मल, योगेंद्र कुमार चंद्राकर, हुमन चंद्राकर, हुलेश चंद्राकर, लुकेश राम साहू सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## धमतरी विधायक को जनता की नहीं, अंगूर की चिंता : अमन



**धमतरी।** ग्राम पंचायत देमार में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम को लेकर भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने विधायक ओंकार साहू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को सुनकर उनका निराकरण करना है, लेकिन कार्यक्रम में विधायक का ध्यान जनसमस्याओं के बजाय नाश्ते पर केंद्रित दिखाई दिया। अमन राव ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान अंगूर खाने के बाद विधायक ने वहां उपस्थित देमार पंचायत के सचिव से कहा कि अंगूर खराब है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए पहल करना है, न कि नाश्ते की गुणवत्ता पर चर्चा करना है।

## छह माह से अटकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही परेशान



**धमतरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लिए पिछले करीब 6 माह से हितग्राही इंतजार कर रहे हैं। स्थिति यह है कि समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जानकारी लेने पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि समय पर जारी नहीं होने के कारण भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। श्री साहू ने कहा कि राज्य सरकार को अपने स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था कर हितग्राहियों को राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल एक योजना नहीं बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए जीवन रेखा है। ऐसे में भुगतान में लंबे समय तक देरी होने से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि यदि हितग्राहियों को शीघ्र पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो विष्णुदेव साय और मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## भीषण गर्मी: परलकोट के बाजारों में सन्नाटा

**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय बाजारों और व्यापार पर देखने को मिल रहा है। व्यापारी सुभाष सरकार, अमिताभ मंडल, गोपाल ब्रह्मचारी ने बताया सुबह 10 बजे के बाद से ही बाजारों में सन्नाटा छाने लगता है और शाम 4 से 5 बजे तक सड़कें लगभग सूनी नजर आती हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी से दैनिक कार्यों में भी परेशानी हो रही है।

### जनप्रतिनिधियों ने इसे प्रेरणा और जनजागरण का सशक्त माध्यम बताया

# जिले के अनेक गांवों में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड को जिले के विभिन्न ग्रामों में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सुना।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने ग्रामीणों के साथ बरगद वृक्ष की छांव के नीचे लैपटॉप के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देशवासियों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा देने वाला अभियान है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े होते हैं।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश की सकारात्मक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार समाज के प्रेरणादायक व्यक्तियों, नवाचारों और जनभागीदारी के उदाहरणों को सामने लाकर देशवासियों को प्रेरित करते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि मन की बात ने शासन और जनता के बीच संवाद को नई ऊंचाई प्रदान की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के संदेशों को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने कहा कि खेल, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान भारत के समग्र विकास की सोच को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं से खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश के दूरस्थ क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं में खेल भावना, तैराकी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश वर्तमान समय की आवश्यकता है।

पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने देश में सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों को नई पहचान दी है। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करने वाला राष्ट्रीय मंच बन चुका है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी है।

# इतवारी बाजार अपडेट : सस्ती हरी सब्जियों से बाजार में बढ़ी रौनक

- भटा 20, कुंदरू 20, करेला 40, भिंडी 30, टमाटर 30 रुपए किलो बिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की भरपूर आवक होने से कीमत में गिरावट आई है। सब्जियों के दाम कम होने से उपभोक्ताओं के चेहरे खिल उठे हैं और बाजारों में खरीदारी बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में ताजी हरी सब्जियां लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिसके चलते ग्राहक थैला भर-भरकर सब्जियां खरीद रहे हैं।

रविवार को इतवारी बाजार में सब्जियों की अच्छी आवक देखने को मिली। सब्जी विक्रेता मनहरण पटेल ने बताया कि भटा 20 रुपये, गाजर 30 रुपये, कुंदरू 20 रुपये, करेला 40 रुपये, बरबटी 30 रुपये, भिंडी 30 रुपये, कद्दू 20 रुपये, टमाटर 30 रुपये, पत्ता गोभी 20 रुपये, लौकी 10 रुपये तथा परवल 30 रुपये प्रति किलो की दर से बिकी। वहीं हरी मिर्च 80 रुपये, मुनगा 100 रुपये और हरा धनिया 100 रुपये प्रति किलो के भाव पर उपलब्ध रहा।

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि भले ही प्रति किलो मुनाफा पहले की तुलना में कम हो रहा है, लेकिन बिक्री अधिक होने के कारण कारोबार अच्छा चल रहा है। ग्राहकों की संख्या बढ़ने से अधिकांश दुकानों की सब्जियां शाम तक बिक जा रही हैं।

इधर किराना बाजार में भी कई आवश्यक वस्तुओं के दाम सामान्य बने हुए हैं। आलू 15 रुपये, प्याज 25 रुपये, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये, चना दाल 80 रुपये तथा पोहा 50 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। अंडे की कीमत इस सप्ताह 75 रुपये प्रति दर्जन दर्ज की गई।

# यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ने किया सीड बॉल का निर्माण

**सदस्य बना रहे बरसात में व्यापक वृक्षारोपण की योजना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रकृति की सेवा और पौधरोपण अभियान को एक नई दिशा देने के लिए यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की धमतरी यूनिट द्वारा सीड बॉल निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुजगहन हाईस्कूल में किया गया।

कार्यक्रम की निर्देशक परविंदर गिल के मार्गदर्शन में सदस्यों को सीड बॉल बनाने की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि कैसे कम लागत और बिना किसी विशेष मेहनत के मिट्टी और खाद के मिश्रण में बीजों को सुरक्षित रखकर बड़े पैमाने पर हरियाली लाई जा सकती है।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि पारंपरिक पौधरोपण में पौधों की देखरेख एक बड़ी चुनौती होती है, जबकि सीड बॉल तकनीक के माध्यम से चलते-फिरते या पहाड़ी व मैदानी इलाकों में इन्हें आसानी से फेंका (ब्रॉडकास्ट) जा सकता है, जो बारिश का पानी पाते ही पौधों का रूप ले लेते हैं।

कार्यक्रम में चेयरमेन हुकुम चंद जैन, अध्यक्ष रमेश देव, उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर व गुड्डा कोटवानी, सचिव सुबोध महावर, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर योगेश गुप्ता, बीएल सिन्हा, धनंजय सोनकर, रोहिताश मिश्रा, डॉ भूपेंद्र साहू, भारत पांडे, प्रो पीसी चौधरी, एकता सिंह, सुषमा नंदा, दीपमाला साहू सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# रेत माफिया श्मशान घाट तक को नहीं बख्श रहे : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने जिले में चल रहे व्यापक अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और अवैध भंडारण को लेकर साय सरकार और स्थानीय जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि धमतरी जिला इस वक्त पूरी तरह से रेत माफियाओं के चंगुल में है और प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि इस अवैध कारोबार को सत्ता और अधिकारियों का खुला संरक्षण प्राप्त है। रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे अब हमारी आस्था और श्मशान घाटों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ग्राम खरेंगा में महानदी किनारे स्थित पारंपरिक श्मशान घाट को खोदकर अवैध रेत निकाली गई, जिससे 10 से अधिक नरकंकाल और अस्थियां बाहर बिखर गईं। यह न केवल कानूनी अपराध है, ब ल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और मृतकों का घोर अनादर है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर महानदी के तटीय क्षेत्रों में रात-दिन भारी भरकम चेन माउंटेन से अवैध खुदाई की जा रही है। इससे प्राकृतिक जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं और भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस का खोखला दावा करते हैं। सुशासन का झूठा त्योहार मना रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि यदि आगामी दिनों के भीतर जिले में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण पर पूरी तरह से पूर्ण विराम नहीं लगा और मुख्य आरोपियों को जेल नहीं भेजा गया, तो जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी और चक्काजाम आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### इंटरव्यू से 10 युवाओं का नाम चयन, 13 जून तक नामांकन

# युकां पदाधिकारी बनने 13 नाम सामने आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर ब्लाक अध्यक्ष पद के लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। युकां अध्यक्ष के लिए जिले के 13 युवाओं ने इंटरव्यू दिया था पर सिर्फ 10 युवाओं का नाम इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया गया है। इन्हीं में से पदाधिकारी चुने जायेंगे।

युवा कांग्रेस में चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई है। 29 मई से 13 जून तक ऑनलाइन नामांकन जमा होगा। चुनाव में 18 से 35 वर्ष के कोई भी युवा मतदाता बन सकते हैं। 1 जुलाई से 30 जुलाई तक मेम्बरशिप लेकर वोटिंग कर सकेंगे। प्रदेश स्तर पर अध्यक्ष, महासचिव एवं जिला स्तर पर अध्यक्ष, महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष आदि के लिए कुल 6 वोट डालने होंगे।

जिले में पदाधिकारी बनने 13 लोगों ने इंटरव्यू दिया था। 10 नाम का चयन किया गया है जिसमें कुरूद क्षेत्र से दो नाम देवव्रत साहू, डोमेन्द्र साहू, नगरी क्षेत्र से आकाश नेताम, अरविंद यादव, धमतरी से 6 नाम उदित साहू, यश राजपूत, प्रवीण साहू, ऋषभ ठाकुर, पारसमणि साहू का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि वर्तमान में कुरूद क्षेत्र से नरेन्द्र सोनवानी जिलाध्यक्ष हैं। जिलाध्यक्ष पद पाने के लिए युवाओं में उत्साह है। वे शहर से लेकर गांव तक संपर्क कर मेम्बरशिप और वोटिंग के लिए युवाओं से मेल मुलाकात कर रहे हैं। युकां पदाधिकारी चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं में भी उत्साह है।

### वरिष्ठजनों ने कहा : समन्वय बनाने की कोशिश करेंगे

युकां जिलाध्यक्ष के लिए 4 से 5 लोग प्रबल दावेदार हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने युवाओं के बीच आपसी सामंजस्य बनाकर किसी एक नाम को आगे बढ़ाने पर चर्चा कर सकते हैं। युकांइयों के इस चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी अपने चहेतों के लिए काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस विपक्ष में है और इस समय सशक्त युवाओं की टोली बनाकर आंदोलन, प्रदर्शन के लिए उचित युवाओं के चुनाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

**संक्षिप्त खबरें**

## सभापति कौशिल्या देवांगन ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



**धमतरी।** ननि सभापति कौशिल्या देवांगन ने सोरिद वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी सुनी। इस अवसर पर सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, युवा शक्ति एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर दिए गए संदेश प्रेरणादायक हैं। प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान बूथ अध्यक्ष रामखिलावन कंवर, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## मन की बात में हुआ छत्तीसगढ़ का उल्लेख



**धमतरी।** ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 15 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। बूथ बैठक के माध्यम से 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून विश्व योग दिवस तक जन जागरण पखवाड़ा चलाने का निर्णय लिया गया। 23 जून को स्व. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भी मनाने का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में छत्तीसगढ़ से जुड़े खेल एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े दो विषयों का उल्लेख किया जिनमें एथलेटिक्स अनिमेष कुजूर ने हाल ही में 100 मीटर दौड़ का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा एवं दूसरा मल्हान क्षेत्र में पाई जाने वाली 1400 ई. पुरानी चोलताम्र पट्टिकाएं जिसे नीदरलैंड ने हाल ही में भारत को सौंपा है। मौके पर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री गोविंद ढिल्लन, जिला कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा श्रीमती ईश्वरी पटवा, जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती प्रतिमा सोनी, शहर मंडल कार्यलय मंत्री खिलेश कुम्भकार, बूथ अध्यक्ष अमित साहू, युवा प्रमुख आर्यन सोनी, गगन सार्वा एवं पार्षद कोमल सार्वा उपस्थित थे।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण का प्रेरक माध्यम : मोनिका



**धमतरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का श्रवण भाजपा नेत्री मोनिका देवांगन ने रायपुर प्रवास के दौरान यात्रा करते हुए कार में मोबाइल के माध्यम से किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, बूथ अध्यक्ष गिरधारी देवांगन तथा वीरेंद्र देवांगन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, स्वच्छता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज में प्रेरणादायी कार्य कर रहे व्यक्तियों और संगठनों के योगदान पर अपने विचार साझा किए। मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनसेवा के प्रति नई ऊर्जा का संचार करते हैं।


गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 10,000 प्रति माह
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 8 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी
मो. 9826114710, 9098324969